


## विजन एवं मिशन

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास में पेशेवर नैतिकता की क्षमता एवं उसका उपयोग करने के लिये प्रेरित करना।

अनुसंधान, विस्तार और परामर्श के माध्यम से ज्ञान और कौशल का सृजन करना।

## परिचय

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा से सम्बद्ध रा० स्ना० महा०, कुणीधार, मानिला की सन् 1989 में राजकीय महाविद्यालय के रूप में स्थापना हुई जो लगभग 20,200 वर्ग मीटर (2.02 हैक्टेयर) में फैला है। महाविद्यालय U.G.C. से मान्यता प्राप्त है तथा इसे नैक (NAAC) द्वारा "B" ग्रेड प्राप्त है। यहाँ पर कला एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर की कक्षायें संचालित है तथा वर्ष 2014-15 से राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिन्दी एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

केन्द्र सरकार के सहयोग से रूसा (RUSA) परियोजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में पुस्तकालय, वाचनालय एवं कॉनफ्रैंस हॉल का नवनिर्माण किया गया है नई सुविधाओं के अन्तर्गत आई.टी. प्रयोगशाला बनाई गयी है। जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्यों के लिये इंण्टरनेट की सुविधायें प्रदान करती है। व्याख्यान हेतु स्मार्ट क्लास भी बनायें गये है। विज्ञान की कक्षाओं में प्रयोग हेतु सुसज्जित प्रयोगशालायें उपलब्ध है। पुस्तकालय में लगभग 12734 पुस्तकें है तथा कई राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय पत्रिकायें पठन हेतु उपलब्ध है। महाविद्यालय में Extra Curricular Activities का संचालन किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर-रेंजर्स की इकाईया गुणवत्ता व सक्रियता से कार्य कर रही है। एडुसैट (Edu SAT) के द्वारा विभिन्न विषयों में नियमित रूप से व्याख्यान प्रसारित किये जाते है। महाविद्यालय का उत्तम परीक्षा परिणाम अध्यापकों एवं विद्यार्थीयों के प्रयास को परिलक्षित करता है। महाविद्यालय , निरन्तर शैक्षणिक प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शैक्षिक सत्र 2023—24

| क्र0सं0 | संस्थान का नाम | पाठयक्रम का नाम | शैक्षिक सत्र | कुल प्रवेश क्षमता स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा) | B.A.1ST SEM | 2023—24 | 240 |
| 2 | | B.Sc (ZBC) 1ST SEM | 2023—24 | 40 |
| 3 | | B.Sc (PCM) 1ST SEM | 2023—24 | 40 |
| 4 | | M.A.(HINDI)1ST SEM | 2023—24 | 60 |
| 5 | | M.A.(POLITICAL SCIENCE)1ST SEM | 2023—24 | 60 |
| 6 | | M.A.(ECONOMICS)1ST SEM | 2023—24 | 60 |
| 7 | | M.A.(HISTORY)1ST SEM | 2023—24 | 60 |

## शैक्षिक सत्र 2023—24 शुल्क विवरण

| क्र0सं0 | पाठयक्रम का नाम | शैक्षिक सत्र | शुल्क रूपया में |
|---|---|---|---|
| 1 | B.A.1ST SEM. (One Practical) | 2023—24 | 1706 |
| | B.A.1ST SEM. (non-Practical) | 2023—24 | 1406 |
| 2 | B.Sc (ZBC) 1ST SEM. (Three practical) | 2023—24 | 1826 |
| 3 | B.Sc (maths) 1ST SEM. (Two practical) | 2023—24 | 1766 |
| 4 | M.A.1ST SEM. (GEN/OBC) | 2023—24 | 1593 |
| 5 | M.A.1ST SEM. (SC/ST) | 2023—24 | 1413 |

नोटः शुल्क की धनराशि शासन/निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में परिवर्तित हो सकती है।

- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 एवं प्रवेश प्रणाली सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय द्वारा तय की गयी मैरिट के आधार पर।
- महाविद्यालय में उत्तराखण्ड ओपन विश्वविद्यालय (यू०ओ०यू०) के पाठ्यक्रम (स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर) नियमित (Regular) तथा व्यक्तिगत (Private) रूप से संचालित किये जा रहे हैं।

# विद्यार्थियों की गतिविधियाँ

1. "प्रयास" महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका है जो विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करती है साथ ही महाविद्यालय की अकादमिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट भी इसमें प्रकाशित की जाती है।
2. "छात्र-संघ" विद्यार्थियों की संस्था के रूप में जानी जाती है। अकादमिक सत्र के आरम्भ में विद्यार्थी मतदान द्वारा छात्र संघ के लिए अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करते है। यह संघ महाविद्यालय के अकादमिक तथा अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श का एक सार्थक मंच है।
3. विद्यार्थियों की क्रीड़ा गतिविधियों हेतु महाविद्यालय परिसर में एक सुदीर्घ खेल प्रांगण है। महाविद्यालय में भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि खेल आयोजित किये जाते हैं तथा वार्षिक खेल प्रतियोगितायें कराई जाती हैं।
4. "राष्ट्रीय सेवा योजना" महाविद्यालय की एक सक्रिय इकाई है जो विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा कार्यों के लिये प्रेरित करती है।
5. "सांस्कृतिक परिषद" महाविद्यालय की समृद्ध परम्परा का प्रतिनिधित्व कर रहे छात्रों की सांस्कृतिक एवं अकादमिक अभिव्यक्ति का एक बड़ा मंच है।
6. महाविद्यालय में " रोवर रेंजर्स " की इकाई अत्यंत सक्रिय है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के विविध प्रकार के प्रशिक्षण, कैम्पस इत्यादि का आयोजन करता है।
7. " विभागीय परिषद " सभी विद्यार्थियों को विभागीय स्तर पर विविध प्रकार से आयोजित कार्यक्रमों (वाद-विवाद, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि) के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है।
8. "इको क्लब " महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को अर्थपूर्ण पर्यावरणीय गतिविधियों और स्वच्छता के प्रति सशक्त एवं जागरूक बनाने का एक मंच है जो भारत सरकार से संबद्ध एक कार्यक्रम है।
9. महाविद्यालय में एक शिकायत एवं सहायता केन्द्र प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो महाविद्यालय में विद्यार्थियों की किसी भी समस्या का निवारण करने के लिये तत्पर है।
10. महाविद्यालय में " कैरियर काउंसलिंग सेल " द्वारा विद्यार्थियों को कैरियर एवं रोजगार का मार्गदर्शन किया जाता है।

# आचार नियमावली

1. प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय द्वारा एक परिचय पत्र (ID Card) निर्गत किया जाता है जिसे विद्यार्थी को सदैव अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।
2. महाविद्यालय परीक्षा मे उपस्थित होने के लिये न्यूनतम उपस्थिति कुल उपस्थिति की 75 प्रतिशत होना आवश्यक है।
3. प्रत्येक विद्यार्थी को प्रवेश के समय रोध विरोधी (Anti ragging) प्रपत्र भरना अनिवार्य होगा जिसमें वह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी कनिष्ठ को महाविद्यालय के अंदर या बाहर प्रताड़ित न करें।
4. प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित वेशभूषा अनिवार्य रूप से धारण करनी होगी।
5. प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्त्तव्य है कि वह महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखे एवं स्वच्छता अभियान मे बढ़-चढ़कर अपना योगदान देगा।
6. महाविद्यालय परिसर के अन्दर व बाहर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ (सिगरेट, शराब गुटखा इत्यादि) वर्जित है।
7. प्रत्येक विद्यार्थी राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करेगा तथा नियमित रूप से प्रतिदिन ध्वजारोहण व राष्ट्रगान में सम्मिलित होगा।
8. प्रत्येक विद्यार्थी अनुशासन में रहेगा तथा महाविद्यालय नियमों पर दिये गये निर्देशों का पालन करेगा।

**शैक्षिक सत्र 2023–24**

**प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार (प्रभारी प्राचार्य)**

| क्र0सं0 | संकाय | विभाग | प्राध्यापक |
|---|---|---|---|
| 1 | **विज्ञान संकाय** | गणित | प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार |
| | | भौतिक विज्ञान | प्रोफेसर विकास दुबे |
| | | रसायन विज्ञान | डॉ0 शरद चन्द्र मिश्र, असि0 प्रोफेसर |
| | | वनस्पति विज्ञान | डॉ0 शैफाली सक्सेना, असि0 प्रोफेसर |
| | | जन्तु विज्ञान | डॉ0 संजय कुमार, असि0 प्रोफेसर |
| 2 | **कला संकाय** | अर्थशास्त्र | डॉ0 गोरख नाथ, असि0 प्रोफेसर |
| | | | डॉ0 अर्जुन कुमार, संविदा प्राध्यापक |
| | | हिन्दी | डॉ0 गार्गी लोहनी, असि0 प्रोफेसर |
| | | | डॉ0 भावना अग्रवाल, असि0 प्रोफेसर |
| | | | डॉ0 भावना मासीवाल, असि0 प्रोफेसर |
| | | राजनीति विज्ञान | डॉ0 मोनिका बिष्ट, असि0 प्रोफेसर |
| | | | श्रीमती संतोष पंसारी, असि0 प्रोफेसर |
| | | | डॉ0 रेखा, असि0 प्रोफेसर |
| | | इतिहास | श्रीमती खीला कोरंगा, असि0 प्रोफेसर |
| | | | डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार, संविदा प्राध्यापक |
| | | भूगोल | श्री जितेन्द्र प्रसाद, असि0 प्रोफेसर |
| | | समाजशास्त्र | श्रीमती शिल्पी अग्रवाल, असि0 प्रोफेसर |
| | | संस्कृत | श्री रविन्द्र कुमार, संविदा प्राध्यापक |
| | | अंग्रेजी | रिक्त |

**कार्यालय:**

**कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी:** श्री भूपाल सिंह

**परिचर:** श्री महेश उपाध्याय
श्रीमती देवकी देवी
श्रीमती तुलसी देवी
श्री भुवन भट्ट

**प्रयोगशाला परिचर:** श्री महेश बंगारी
श्री दलीप कुमार पाल
श्रीमती गंगा देवी

**पुस्तकालय परिचर:** श्री विनोद सिंह